>

Title: Need to conduct a survey by O.N.G.C. in view of the leakage of gas in Sagar district of Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मध्यप्रदेश के सागर जिले में कई स्थानों पर जहां पानी के लिए ट्यूब-वैल का खनन हुआ है, वहां जैसे-जैसे फरवरी-मार्च में पानी कम निकलना शुरू होता है, उनमें से गैस निकलने लगती है। इस वर्ष बारिश कम होने से जिले में कई स्थानों पर उन ट्यूब-वैलों से बड़ी मात्रा में गैस निकल रही है। इस संबंध में मैंने पूर्व में भी 2005 में सदन का ध्यान आकर्षित कराया था कि राहतगढ़ में एक ढाबा इस गैस से चलाया जा रहा है। अभी गढ़ाकोटा के आसपास कई गांवों में गैस निकल रही है। वहां व्यापक मात्रा में गैस निकलने से जहां एक ओर ग्रामीण जनों में भय व्याप्त है कि कहीं कोई बड़ी दुर्घटना न होने पाए, वहीं दूसरी ओर एक उत्सुकता भी है कि इस गैस के संबंध में केन्द्र सरकार ओएनजीसी के माध्यम से व्यापक जांच कराए ताकि इस तरह की भ्रांतियां दूर हो सकें। इसके ऊपर आधारित उद्योगों को लगाए जाने से क्षेत्रीय युवकों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।